**रक्षा लेखा विभाग (र.ले.वि.) मुख्यालय**
**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**
**DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT(DAD)**
**HEADQUARTERS**
**Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010**
**दूरभाष: 011-25665784, फैक्स: 011-25674806, ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**(राजभाषा अनुभाग)**

**सं0 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./30** **दिनांक : 11 अप्रैल, 2022**

विषय : रक्षा लेखा विभाग मुख्यालय, कार्यालय की दिनांक 31 मार्च, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वियन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 31 मार्च, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वियन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है तथा इसे मुख्यालय की वैबसाइट **cgda.nic.in** से डाउन लोड कर लिया जाए।

अनुरोध है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/राजभाषा अनुभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

**संलग्नक** : यथोपरि

(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)
लेखा अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)

1. निदेशक (राजभाषा), कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
2. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
3. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वियन समिति के सभी सदस्य
4. मुख्यालय कार्यालय के सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी
5. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
6. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. आदेश फाइल।

रक्षा लेखा विभाग (र.ले.वि.) मुख्यालय
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT(DAD)
HEADQUARTERS
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010
दूरभाष: 011-25665784, फैक्स: 011-25674806, ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

**राजभाषा अनुभाग**

**विषय : रक्षा लेखा विभाग (मुख्यालय) की दिनांक 31 मार्च, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च 2022 को समाप्त तिमाही की बैठक दिनांक 31 मार्च, 2022 को 02:30 बजे श्री रजनीश कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री मयंक शर्मा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (कार्मिक एवं स्थापना) |
| 2. | श्री गणेश कुमार बरनवाल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (स्थापना) |
| 3. | श्री राजबीर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (पेंशन स्कंध) |
| 4. | श्री अजय सेठ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा समन्वय) |
| 5. | श्री अतुल अरोरा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) |
| 6. | श्री संदीप सिंघल, लेखा अधिकारी (कार्मिक स्कंध) |
| 7. | श्री हेमंत खुराना, लेखा अधिकारी (कार्मिक स्कंध) |
| 8. | श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (स्थापना) |
| 9. | श्री प्रदीप कुमार, लेखा अधिकारी (स्थापना) |
| 10. | श्रीमती रोज़लिन तिग्गा, लेखा अधिकारी (वेतन भत्ते/सीपीसी) |
| 11. | श्री सुजीत कुमार, लेखा अधिकारी (सू.प्रौ.) |
| 12. | श्री राकेश कुमार, लेखा अधिकारी (ओ.टी.आई.) |
| 13. | श्री विशाल कृष्ण, लेखा अधिकारी (ए.वि.स. स्कंध) |
| 14. | श्री राम निवास, लेखा अधिकारी (प्रणाली स्कंध) |
| 15. | श्री कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव (राजभाषा) |

अन्य उपस्थित –

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
2. श्रीमती रुचिता सहाय, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
3. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
4. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
5. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

(क) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिये नेमी प्रकृति के मसौदे द्विभाषी रूप से प्रयोग में लाए जा रहे हैं।
इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिए कि क्लिष्ट हिंदी भाषा का प्रयोग ना करें और जहाँ तक संभव हो कार्यालयीन भाषा का सरलीकरण किया जाए ताकि सहजता से कार्य निष्पादित हो सके और सभी संबंधितों को कार्य की सार्थकता का बोध कराया जा सके। इसके उदाहरण में उन्होंने वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट से संबंधित कार्यालय टिप्पणी तथा इस प्रकार के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों को सरल हिंदी में प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग/ राजभाषा अनुभाग]**

(ख) अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि कार्यालय के सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा सुनिश्चित की जाए।

इस संदर्भ में कार्यालय के सभी कंप्यूटरों पर यूनिकोड सक्रिय कर दिया गया है।

**[कार्रवाई : सूचना प्रौद्योगिकी/ राजभाषा अनुभाग]**

**मद सं. 3: सितम्बर, 2021 तथा दिसम्बर, 2021 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने सितम्बर, 2021 तथा दिसम्बर, 2021 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में गिरावट न आने पाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय में फरवरी 2022 सत्र में पत्राचार द्वारा 2 लिपिक राजभाषा अनुभाग में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय ने इसकी सराहना की और शेष सभी लिपिकों को प्रशिक्षित करने के आदेश दिए।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

**मद सं. 5 : हिंदी कार्यशाला का आयोजन:**

(क) इस तिमाही में मुख्यालय द्वारा 02 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गई। मुख्यालय के तत्वधान में अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली स्थित कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी विविध जानकारी दी गई।

(ख) मुख्यालय में कार्यरत लेखापरीक्षकों एवं एमटीएस के लिए यूनिकोड संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

**मद सं. 6: रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 4 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 36 | 34 |

(क) सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि हिंदी संवर्ग के नए भर्ती नियमों के अनुसार सहायक निदेशक (राजभाषा) के 50 प्रतिशत पदों को प्रोन्नति के माध्यम से तथा 50 प्रतिशत पदों को प्रतिनियुक्ति अथवा सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना है।

संबंधित अनुभाग के प्रभारी अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि प्रोन्नति द्वारा भरे जाने वाले शेष 14 पदों के लिए डी.पी.सी. प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा जा चुका है। मंत्रालय से सूचना प्राप्त होने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय ने पदोन्नति द्वारा सहायक निदेशक के रिक्त पदों को भरने के लिए एक समय-सीमा निर्धारित करते हुए वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक स्तर पर निगरानी करने के निदेश दिए।

(ख) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों से संबंधित डोज़ियर कर्मचारी चयन आयोग से प्राप्त हो गए हैं। कार्मिक अनुभाग द्वारा उनकी तैनाती के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने तत्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए।

(ग) सदस्य सचिव ने संवर्ग समीक्षा के संबंध में समिति को सूचित किया कि संवर्ग समीक्षा की फाइल रक्षा मंत्रालय से कुछ आपत्तियों के साथ वापस आई है।

अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में संबंधित कार्मिक अनुभाग को शीघ्र कार्रवाई करने के आदेश दिए।

**[कार्रवाई: सभी संबंधित अनुभाग]**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्रवाई संपन्न हुई।

**(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)**
**लेखा अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)**